दिनांक : 15.12.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी, भोपाल

दोपहर समाचार

प्रधानमंत्री–मुख्य सचिव सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे हैं। तीन दिन का यह सम्मेलन शुक्रवार को शुरू हुआ था। श्री मोदी आज सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करेंगे। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में एक साझा विकास एजेंडा तैयार करने और उसे कार्यान्वित करने के अलावा राज्यों के साथ भागीदारी की रूपरेखा तय करने पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। इस सम्मेलन का उद्देश्य केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच भागीदारी को अधिक मजबूत करना तथा सहकारी संघवाद को बढाने के साथ तेजी से वृद्धि और विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बेहतर समन्वय सुनिश्चित करना भी है। सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव, वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं।

उपराष्ट्रपति– ग्वालियर

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज प्रदेश के ग्वालियर में 'जियो साइंस म्यूजियम' का उद्‌घाटन कर इसका अवलोकन किया। उप राष्ट्रपति ने जीवाजी विश्वविद्यालय में महाराज श्रीमंत जीवाजीराव सिंधिया की प्रतिमा का अनावरण भी किया। इस अवसर उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज ऐसी व्यवस्था निर्माण की गई है कि विद्यार्थी अपने प्रतिभा का पूरा उपयोग कर सकते है और अपने स्वप्न पूरा कर सकते है। उन्होंने कहा कि पहले भ्रष्टाचार से प्रतिभा दब जाती थी अब बदलाव आया अब कानून के समाने सभी समान है। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

महाकुम्भ

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज हिन्दुस्तान दिव्य महाकुम्भ 2025 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 'प्रयागराज महाकुम्भ–2025' दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक समागम होगा। महाकुम्भ भारत के आध्यात्मिक और भौतिक विकास के सभी कार्यों पर चर्चा–परिचर्चा का केंद्र बिंदु बनेगा। उन्होंने बताया कि 10,000 एकड़ क्षेत्रफल में महाकुम्भ को विस्तार दिया गया है।

मौसम

प्रदेश में लगातार बर्फीली हवाएं चल रही है जिससे तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। कोल्डवेव के चलते कई शहरों का तापमान 20 डिग्री के नीचे दर्ज किया गया है। प्रदेश के हिलस्टेशन पचमढ़ी में 1 डिग्री के करीब तापमान दर्ज किया गया। इस दौरान मैदानी घास पर बर्फ की चादर जम गई। जबलपुर में पारा 4.6 डिग्री दर्ज किया गया, मौसम विभाग के मुताबिक, आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट दर्ज की जाएगी, साथ ही ठंड में भी बढ़ोतरी होगी। जिसमें, मंडला, सिवनी, गुना, नर्मदापुरम, बड़वानी, नीमच, शाजापुर, शहडोल, जबलपुर, पचमढ़ी, सीहोर के अलावा कई सारे अन्य जिले भी शामिल हैं।

क्रिकेट भारत–ऑस्ट्रेलिया

ब्रिस्बेन में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन के खेल समाप्त होने तक आस्ट्रेलिया ने 7 विकेट पर 405 रन बना लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड ने शतक लगाए।

भारत की ओर से जसप्रीत बुमरा ने अब तक 5 विकेट ले लिए हैं। दोनों देशों के बीच पांच मैचों की श्रृंखला एक–एक की बराबरी पर है।

समाचार संक्षेप में .....

- शिवपुरी जिले में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत मत्स्य किसानों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदक 16 से 20 दिसम्बर तक आवेदन कर सकते हैं।
- देवास और आगरमालवा जिले मे शनिवार को समस्त न्यायालयों में 'नेशनल लोक अदालत' का आयोजन किया गया। देवास मे 3510 प्रकरणों का निराकरण कर 9 करोड़ से अधिक के अवार्ड पारित किए गए। वहीं आगरमालवा 586 प्रकरणों का निराकरण हुआ।
- गुना में आयुष विभाग म प्र शासन द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी आरोग्य शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में निःशुल्क जांच परीक्षण एवं महिलाओं की विभिन्न समस्याओं हेतु जागरूकता एवं परामर्श प्रदान किया।

..........................